तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार 24 फरवरी 2026

10 शिकायतों का यथा शीघ्र और प्रभावी निपटारा करने के ...


10 वाहन चलाते समय नियमों का पालन जरूरी


## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव धमतान साहिब में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव धमतान साहिब निवासी नसीब ने गत आठ फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका परिवार के साथ जमीन का लेकर विवाद चला आ रहा है।

### कुश्ती प्रतियोगिता का ट्रायल 24 को

**कैथल।** अखिल भारतीय सिविल सेवा कुश्ती प्रतियोगिता (पुरुष व महिला)2025-26 का आयोजन 26 से 28 फरवरी तक मंडी पडल ग्राउंड हिमाचल प्रदेश में किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि इसमें हरियाणा की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन 24 फरवरी को सुबह 10 बजे महावीर स्टेडियम हिसार में किया जाएगा।

### परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में धारा 163 लागू

**जींद।** उपायुक्त एवं जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला में सैकेंडरी, सीनियर सैकेंडरी वार्षिक परीक्षाएं तथा डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष रिअपीयर परीक्षाएं फरवरी, मार्च के दौरान तय कार्यक्रमानुसार आयोजित की जा रही हैं। सैकेंडरी परीक्षाएं 26 से 20 मार्च, सीनियर सैकेंडरी परीक्षाएं 25 से एक अप्रैल तक, डीएलएड प्रथम वर्ष (रिअपीयर) परीक्षाएं 26 फरवरी से 20 मार्च तक तथा डीएलएड द्वितीय वर्ष (रिअपीयर) परीक्षाएं 25 फरवरी से 19 मार्च तक संचालित होंगी।

### कैथलः बिजली अदालत का आयोजन आज

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि 24 फरवरी में उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी।

### जीवन में तीन सूत्र अत्यंत आवश्यकः मुनि

**नरवाना।** सुदर्शन लाल महाराज के शिष्य, संघ संचालक नरेश मुनि महाराज के आज्ञानुवर्ती मधुर वक्ता मुकेश मुनि महाराज, गुरु अचल शिष्य शीतल मुनि महाराज तथा अखिल मुनि महाराज का जैन स्थानक नरवाना में आध्यात्मिक प्रवचन के दौरान शीतल मुनि महाराज ने प्रेम की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### राष्ट्रीय वयोश्री योजनाः आज बांटे जाएंगे सहायक उपकरण

**कैथल।** रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा, कैथल द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ एक विशेष वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 फरवरी को प्रातः 10 बजे करनाल रोड स्थित नए रेडक्रॉस भवन में आयोजित किया जाएगा।

### दाडन खाप प्रधान रणधीर को किया सम्मानित

**उचाना।** हरियाणा वाल्मीकि महासभा जिला जींद के द्वारा सर्वजातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां के नवनियुक्त प्रधान रणधीर श्योकंद सुंदरपुरा का वाल्मीकि समाज की तरफ हरियाणा वाल्मीकि महासभा के प्रधान महासचिव सत्यवान ढिलौड की अगुवाई में पगड़ी प्रधान बनने पर स्वागत किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, कैथल न्यायिक परिसर में आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा कंचन माही की देखरेख में संपन्न होगा।

# 130 करोड़ रुपये से कैथल से चीका तक बनाई जाएगी फोर लेन सड़क

## विधायक देवेंद्र हंस ने विधानसभा में उठाया मुद्दा, कार्य को लेकर वन विभाग से भी एनओसी मिल चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पिछले करीब 4 साल से बदहाल स्थिति तथा गड्ढों का पर्याय माने जाना वाले कैथल-पटियाला स्टेट हाईवे की जल्द ही हालत सुधरती नजर आ रही है। ऐसे में लोगों को गड्ढों से जल्द ही राहत मिलेगी। हरियाणा विधानसभा के सत्र के दौरान सोमवार को गुहला विधायक देवेंद्र हंस द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा ने इस सड़क के फोरलेन करने की जानकारी दी है।

जब विधायक ने सड़क की बदहाली का मुद्दा सत्र में उठाया तो मंत्री ने बताया कि इस सड़क की डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी) जुलाई माह में समाप्त हो जाएगी। इसके बाद करीब 130 करोड़ रुपए की लागत से इस मार्ग को फोरलेन में अपग्रेड करने का काम शुरू किया जाएगा। मंत्री ने अपने जवाब में बताया कि यह सड़क कैथल शहर से लेकर टटियाना गांव स्थित पंजाब बॉर्डर तक फोरलेन बनाई जाएगी। इस कार्य को लेकर वन विभाग से भी एनओसी मिल चुकी है। इसके बाद इस खराब सड़क की समस्या खत्म हो जाएगी। बता दें कि गत 6 फरवरी को सीएम नायब सिंह सैनी इस सड़क से पंजाब में पंजोला गांव में एक कार्यक्रम में गए थे। उस दिन अधिकारियों ने इस सड़क पर रातों-रात ही पैच वर्क लगा दिए थे। कैथल-पटियाला स्टेट हाईवे कैथल को पंजाब से जोड़ने वाले काफी व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग के फोरलेन होने के बाद कैथल, सीवन और गुहला क्षेत्र के 150 से अधिक गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। इस सड़क की जर्जर हालत के कारण हादसों की संभावना अधिक रहती है और वाहन चालकों को भी वाहनों की टूट-फूट अधिक होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में सड़क पर गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी खराब हो जाती है। स्कूली बच्चों, किसानों और व्यापारियों को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने समय-समय पर सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। सत्र में दिए गए जवाब में मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि फिलहाल सड़क डीएलपी अवधि में है, जिसके चलते विभाग सीधे तौर पर नए निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू नहीं कर सकता था। जुलाई में डीएलपी समाप्त होने के बाद इस नई परियोजना पर काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए लगभग 130 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है।



कैथल। टूटा पडा कैथल-चीका मार्ग। फोटो :हरिभूमि

### दर्जनों गंवा चुके जान

बता दें कि कैथल-पटियाला स्टेट हाइवे पर सड़क खराब होने से यहां पर 2022 के बाद से अब तक मार्ग पर 7 व्यक्ति जान से हाथ धो चुके हैं। हाल ही में चीका में पटियाला रोड पर हादसे में मां व बेटे की जान चली गई थी। जबकि बेटे की बाइक के गड्ढों में गिरने से हादसे में 14 साल के किशोर की मौत हो गई थी। इसके अलावा 4 अन्य लोगों की मौत हुई थी।

## जागरूकता के लिए शहर में घर-घर पहुंची टीम

# हर घर का कनेक्शन होगा वैध, मिलेगा नहरी पानी

## पेयजल व सीवरेज कनेक्शन का किया जा रहा सर्वे

**जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कमर कस ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद शहर में हर घर तक नहरी पानी पहुंचाने के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कमर कस ली है। इसके लिए जहां महत्वपूर्ण परियोजना का काम बडोदी गांव में बड़ी जोर-शोर से चल रहा है, वहीं शहर में सभी घरों का पेयजल कनेक्शन नियमित करने के लिए विभाग द्वारा जोरदार अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की टीम हर घर का कनेक्शन वेरिफिकेशन के लिए सर्वे करके नए कनेक्शन का डाटा अपलोड कर रही हैं। वहीं विभाग की टीमें अवैध कनेक्शन पर शिकंजा के लिए नोटिस व घर घर जाकर दस्तक दे रही है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने सोमवार को नेताजी कालोनी में टीमों का अवलोकन करने के बाद कार्य में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीमों द्वारा जींद शहर के हर घर का सर्वे स्वयं सहायता समूह की सहायता से करवाया जा रहा है। इस सर्वे के दौरान यह पता लगाया जा रहा है कि उपभोक्ता का पेयजल कनेक्शन नियमित है या नही। कनेक्शन का वेरिफिकेशन के लिए उपभोक्ता से आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, पेयजल नल का फोटो व अन्य जरूरी कागजात लेकर विभाग की साइट पर अपलोड किया जा रहा हैं ताकि सभी पेयजल कनेक्शन की वेरिफिकेशन की जा सके। इसके बाद जो नए कनेक्शन हैं, उन्हें विभाग द्वारा नियमित किया जाएगा। खंड समन्वयक दिनेश मलिक ने बताया कि टीम द्वारा जल संरक्षण, पेयजल एवं सीवरेज बिल रिकवरी का अभियान भी चलाया जा रहा है। उपभोक्ताओं को अपने पेयजल नल न पर टेप लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। नल पर टेप के साथ जितनी पेयजल की जरूरत है, उतना उपयोग करके नल को बंद करने के लिए उपभोक्ता को कहा जा रहा है ताकि पानी को अधिक से अधिक बताया जा सके। पेयजल व सीवरेज का बिल ऑनलाइन भरने के लिए उपभोक्ता को जागरूक किया जा रहा है। रणधीर मताना ने बताया कि शहर के हर घर तक नहरी पानी पहुंचाने के लिए बड़ौदी में बड़े जलघर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जहां नरवाना के पास से भाखड़ा नहर का पानी लाया जाएगा।



जींद। अभियान चलाए जनस्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### बड़ौदी में कार्य प्रगति पर : भानु प्रकाश

कार्यकारी अभियंता एवं नोडल अधिकारी भानु प्रकाश शर्मा ने बताया कि जींद शहर को नहरी पानी की सुविधा देने के लिए बड़ौढी गांव में प्रगति पर है। इस योजना को समय पर पूरा करने के लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा समय समय पर साइट का निरीक्षण किया जा रहा है।

# कैथलः गांव दुबल के तालाब में मिला करीब सात माह का भ्रूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव दुबल में करीब सात माह का एक भ्रूण तालाब में पाया गया। वह कई दिनों से पानी में पड़ा होने के कारण फूला हुआ था। गांव के लोगों ने जैसे ही भ्रूण को देखा, तो तुरंत इसकी सूचना कलायत पुलिस थाना को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। हालांकि अभी तक यह पता नहीं लग पाया है कि इसे तालाब में किसने फेंका है लेकिन पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही भ्रूण को फेंकने वाली महिला को पकड़ लिया जाएगा। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच भी शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, मामले की जांच की जा रही है। साथ ही गांव व आसपास में गर्भवती महिलाओं के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### भ्रूण का पोस्टमॉर्टम होगा आज

कलायत थाना एसएचओ बलवीर सिंह ने बताया कि पुलिस के पास रात को करीब 10 बजे सूचना आई थी कि गांव दुबल के एक तालाब में भ्रूण पड़ा हुआ है, उनकी टीम मौके पर पहुंची। वहां से भ्रूण को जब बाहर निकाला तो वह पानी के कारण फूला हुआ था। बताया कि आज भ्रूण का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।



कैथल। वाहनों का चालान करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### ट्रैफिक पुलिस ने 122 वाहनों के काटे चालान

**कैथल।** यातायात पुलिस द्वारा 17 से 22 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 57, ध्वनि प्रदूषण करने के 2, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 58 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 5 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। एसपी उपासना ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ आमजन को यातायात जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नियमों की जानकारी भी दी जाएगी।

### एचकेआरएन में पोर्ट करने के विरोध में किया प्रदर्शन

**कलायत।** डीसी रेट के कर्मचारियों को जबरन एचकेआरएन में पोर्ट करने के विरोध में बिजली विभाग के कर्मचारियों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। सब यूनिट कलायत के चेयरमैन सत्यवान ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार में जबरन पोर्ट करके प्रदेश सरकार डीसी रेट पर लगे हुए कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन करीब 18 साल से कार्यरत डीसी रेट कर्मचारियों को एचकेआरएन पोर्टल पर स्थानांतरित करने के लिए दबाव बना रहा है। इसी के विरोध में 2 घंटे का प्रदर्शन किया गया जगबीर सिंह व प्रदीप कुमार ने कहा कि अभी डीसी रेट कर्मचारी निगम के सीधे रोल पर कार्यरत हैं। प्रशासन उन्हें अस्थायी आईडी बनाने के नाम पर एचकेआरएन में भेजना चाहता है।



जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते छात्र। फोटो :हरिभूमि

# छात्राओं की सुरक्षा व सुविधा को पुख्ता करने की मांग उठाई

## वीसी प्रो. डॉ. रामपाल को सौंपा ज्ञापन

■ विश्वविद्यालय जिम में महिला ट्रेनर की शीघ्र नियुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में छात्राओं की सुविधा, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग को लेकर वीसी प्रो. डा. रामपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय जिम में महिला ट्रेनर की शीघ्र नियुक्ति की मांग की गई।

एनएसयूआई के विश्वविद्यालय अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने कहा कि वर्तमान समय में विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राएं अध्ययन कर रही हैं और वे नियमित रूप से खेल व फिटनेस गतिविधियों में भाग लेना चाहती हैं लेकिन जिम में महिला ट्रेनर की अनुपस्थिति के कारण कई छात्राएं असहज महसूस करती हैं। जिससे वे जिम सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पा रही हैं। यह स्थिति छात्राओं के आत्मविश्वास और शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न कर रही है। जयदीप सिंधु ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का दायित्व है कि वह छात्राओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और सहज वातावरण प्रदान करे। महिला ट्रेनर की नियुक्ति से न केवल छात्राओं की भागीदारी बढ़ेगी बल्कि विश्वविद्यालय में लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि मांग को गंभीरता से नही लिया गया तो संगठन छात्रहित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सुशील सिहाग, अजमेर, मनजीत, अनुज कुंडू, रिंकी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सेवानिवृत कर्मी के घर से लाखों की नकदी चुराई

**कैथल।** चीका के हुडा स्थित रिटायर्ड कर्मचारी के एक बंद मकान से चार लाख की नकदी और चांदी के गहने चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य वृंदावन गए थे। मकान में रह रहे किराएदारों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। पुलिस को दी शिकायत में चीका निवासी राजबीर सिंह ने बताया कि वह कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का रिटायर्ड कर्मचारी हैं। 17 फरवरी को वह पत्नी के साथ अपने बेटे के पास वृंदावन गए थे। 20 फरवरी की शाम को किराएदार का फोन आया कि घर में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही वह तुरंत चीका लौटे। घर पहुंचने पर देखा कि कमरों में सामान बिखरा पड़ा था जांच पर पता चला कि अज्ञात घर से 20 चांदी के सिक्के, चांदी की पाजेब, चांदी के कुंडल, दो चांदी के गिफ्ट और 12 हजार रुपये की नोटों की माला चोरी कर ले गए।

# किसान की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास

## दोषी को सजा के अलावा अदालत ने पचास हजार रुपये जुर्माना भी ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा की अदालत ने खेत में किसान की निर्मम हत्या करने के जुर्म में दोषी को आजीवन कारावास तथा पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव काकड़ौद निवासी राहुल ने 14 अप्रैल 2022 को थाना उचाना पुलिस को शिकायत में बताया था कि उसका पिता जोगेंद्र खेत में सोता था। सुबह उसका पिता जोगेंद्र खून से लथपथ मृत पड़ा था। जबकि उसके पिता को दोस्त नसीब घायल हालात में पड़ा हुआ था। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जब जांच को आगे बढ़ाया तो गांव के संदीप का नाम सामने आया। उचाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपित संदीप को गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा की अदालत ने हत्या के जुर्म में संदीप को आजीवन कारावास तथा पचास हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

### लूट के जुर्म में तीन को पांच-पांच साल कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने बुजुर्ग व्यक्ति के साथ लूटपाट करने के जुर्म में तीन दोषियों को पांच-पांच साल का करावास तथा 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार आश्रम बस्ती निवासी बलवान ने 15 नवंबर 2022 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि देर रात को वह अपने घर जा रहा था। जब वह देवीलाल चौक पर पहुंचा तो बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने उसे अपने साथ बैठा लिया। रोहतक रोड खाद्य आपूर्ति कार्यालय के पास अंधेरे में बाइक रोक कर उसका बैग छीन लिया लिया और फरार हो गए। बैग में कंपनी का लैपटॉप, प्रोजेक्टर, बैंक का एटीएम कार्ड व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। शिकायत के आधार पर थाना शहर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो विश्वकर्मा कालोनी निवासी महबूब खान, विशाल उर्फ केडी, जोगेंद्र नगर निवासी आशीष का नाम सामने आया था।



## खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

# ज्यादा से ज्यादा दाखिले सुनिश्चित करने के लिए पंचायत एसएमसी के सहयोग से विशेष अभियान चलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन ने सोमवार को शहीद जयवीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, किठाना तथा शहीद सिपाही कृष्ण कुमार राजकीय उच्च विद्यालय, तारागढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया और विशेष रूप से प्राथमिक विभाग की एफएलएन कक्षाओं का निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यालयों में अधिक से अधिक दाखिले सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत एवं एसएमसी के सहयोग से विशेष दाखिला अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है, इसलिए जनसहयोग से नामांकन बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएं। राजकीय उच्च विद्यालय, तारागढ़ में कक्षा आठवीं के छात्र दीपांशु द्वारा जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त विज्ञान मॉडल का प्रस्तुतीकरण भी खंड शिक्षा अधिकारी ने देखा। उन्होंने होनहार छात्र को 1500 रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक देकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।



### ये रहे मौजूद

विद्यालय के मुख्याध्यापक अमर नाथ किठानियां ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी समय-समय पर खंड एवं जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जिला स्तर पर प्रथम रहा था, जिसके लिए तत्कालीन शिक्षामंत्री द्वारा एसएमसी प्रधान एवं मुख्याध्यापक को सम्मानित किया गया था।इस दौरान एबीआरसी रेणू शर्मा,अध्यापक सुखी राम, प्रदीप, कुलदीप सिंह, रेखा रानी,सुदेश रानी, सुमन देवी, पूजा तथा विद्यालय का गैर-शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।

**खबर संक्षेप**

### भव्य इंस्टॉलेशन डे समारोह का आयोजन

**जींद।** जेसीआई जींद क्लासिक द्वारा गत दिवस भव्य इंस्टॉलेशन डे समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह के दौरान नवनियुक्त प्रधान सनी जुनेजा ने अपनी नई कार्यकारिणी टीम के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यवसायी रमेश ढिल्लो ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान लकी बत्तरा द्वारा की गई।

### दो स्थानों पर टूटे ताले नकदी-सामान चोरी

**जींद।** अलग-अलग दो स्थानों पर चोरों ने नकदी, घरेलू सामान चोरी कर लिया। शहर में एक मकान के केयर टेकर ने चोरों को ललकारा तो दरांत दिखा कर जान से मारने की धमकी दी। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी व धमकी देने के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपराही मोहल्ला निवासी रामनिवास ने शिकायत में बताया कि वह स्कीम नंबर एक मकान का केयर टेकर है। रात को वह खाना कर उस मकान पर पहुंचा तो दो चोर अंदर घुस थे। कपड़े व अन्य सामान समेत था। जब चोरों को ललकारा तो आरोपी ने दरांत निकाल कर जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए।

### विकास रैली में भीड़ से विपक्षियों की उड़ी नींद

**उचाना।** कसूहन मंडल संयोजक एवं भाजपा नेता संदीप चहल बड़ौदा ने कहा कि उचाना में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में हुई 18 फरवरी को सीएम नायब सिंह सैणी की उचाना विकास रैली विकसित उचाना के सपने को पूरा करने वाली साबित होगी। किसानों की वर्षों पुरानी ढाकल हैड से रजबाहा लाने की मांग को पूरा करवाने में विधायक लगे थे। मांग को पूरा करते ढाकल हैड रजबाहा के लिए कमेटी बनाने की घोषणा सीएम ने की। किसानों की सदियों पुरानी मांग की थी जिस पर आज तक यहां से केंद्र, प्रदेश में मंत्री रहने वालों ने कुछ नहीं किया।

### जींद की धरती बनेगी धर्म रक्षकों का केंद्र : हरिओम

**जींद।** मैं साफ-साफ देख पा रहा हूं कि जींद की धरती आने वाले समय में धर्म रक्षकों का केंद्र बनेगी। चाहे इस 108 कुंडीय महायज्ञ में बढ़चढ़ कर भाग लेने की बात हो या फिर पिछले साल कुरुक्षेत्र में 1008 कुण्डीय महायज्ञ में हुए दंगे के बाद यज्ञ व धर्म की रक्षा के लिए डटे रहने की बात हो जींद के लोगों ने हमेशा अपनी जी जान लगाई है। इसीलिए मैं जींद के लोगों का कायल हूँ। ये बात परम पूज्य जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 श्री हरिओम महाराज ने 108 कुण्डीय महायज्ञ में दिव्य महाआरती के दौरान लोगों को संबोधित करते कही।

### खेल नर्सरियों के लिए आए 363 आवेदन

**जींद।** नए सत्र में नर्सरी अलॉट करने को लेकर खेल विभाग ने नर्सरी संचालकों ने आवेदन मांगे थे। इच्छुक नर्सरी संचालक 22 फरवरी तक आवेदन कर सकते थे। जिलेभर से कुल 363 आवेदन आए हैं। जिसमें 27 विभागीय नर्सरियों के और 336 आवेदन सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों व निजी स्कूल की नर्सरी संचालकों द्वारा किए गए हैं।

### ब्रज रसामृत एवं भव्य होली महोत्सव का शुभारंभ

**जींद।** धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी जींद में होली पर्व के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की महिला इकाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ब्रज रसामृत एवं भव्य होली महोत्सव का आज विधिवत शुभारंभ हो गया। यह भव्य आयोजन सेवा सदन गांधी नगर जींद में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर राधा कृष्ण भक्ति के रंग में रंग गया। मुख्यअतिथि के रूप में समाजसेवी राजन चिल्लाना व अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार ने शिरकत की।

### उपायुक्त ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुनीं लोगों की समस्याएं

# शिकायतों का यथा शीघ्र और प्रभावी निपटारा करने के निर्देश

### समाधान शिविरों का उद्देश्य समस्याओं का त्वरित समाधान करना : डीसी

**समाधान शिविर में कुल 29 जनसमस्याएं आई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त सभी शिकायतों का यथाशीघ्र और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तर पर जिन समस्याओं का समाधान संभव है। उनमें किसी प्रकार की देरी न की जाए। विशेष रूप से 60 दिनों से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों को तुरंत संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जाए तथा रीओपन एवं लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान किया जाए। समाधान शिविर में कुल 29 जनसमस्याएं प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उन्हें संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही सौंप दिया और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार द्वारा समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा प्रत्येक शुक्रवार को इनके निपटारे की समीक्षा की जाती है। शिविरों में गांव मुआना निवासी मेवा देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। गांव कंडेला निवासी दीपक ने अपने पिता की मृत्यु के उपरांत दीनदयाल योजना का लाभ दिलाने की प्रार्थना की। नचार खेड़ा निवासी बीताराम ने गली में गोबर डालकर रास्ता अवरुद्ध करने की शिकायत दी। गांव निडानी निवासी बलवान सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने का आग्रह किया। गांव रधाना निवासी संदीप ने गांव में कीचड़ से भरे नालों की सफाई की फरियाद की। निडानी निवासी राकेश देवी ने गली में अवरोध डालकर रास्ता रोकने की शिकायत की। होशियारपुर निवासी सनी देओल ने लोन संबंधी समस्या रखी। नरवाना रोड निवासी मनीष ने परिवार पहचान पत्र में व्यवसाय संबंधी त्रुटि को दुरुस्त करने का आवेदन दिया। गांव बराह खुर्द के ग्रामीणों ने ड्रेन में गंदगी डाले जाने की शिकायत प्रस्तुत की। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित मामलों का संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



जींद। बैठक में भाग लेते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

## विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जींद की होगी बड़ी भागीदारी : रिषिपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी 25 फरवरी को चंडीगढ़ में प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर जींद जिले में व्यापक तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला कांग्रेस प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने ऐलान किया कि इस आंदोलन में जींद जिले की बड़ी और संगठित भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से ग्रामीण मजदूर, किसान और गरीब तबके पर सीधा असर पड़ रहा है। ऐसे में कांग्रेस का यह अभियान जनहित की आवाज को बुलंद करने का मंच बनेगा। सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में सभी प्रखंडों और विस क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारियां संभालने का संकल्प लिया। बैठक में विशेष रूप से जींद, जुलाना, उचाना, नरवाना और सफीदों समेत जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं को जुटाने की रणनीति तय की गई। रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना गरीब परिवारों के लिए जीवन रेखा है। हाल के समय में योजना के तहत काम, भुगतान में देरी और बजट कटौती जैसे मुद्दों से मजदूर वर्ग परेशान है। कांग्रेस पार्टी समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रही है और 25 फरवरी का विधानसभा घेराव इसी संघर्ष की कड़ी है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को आंदोलन के उद्देश्य समझाएं और शांतिपूर्ण तरीके से बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यकर्ताओं को अनुशासन और संयम बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आंदोलन शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से बात सरकार तक पहुंचा सकें। बैठक में वरिष्ठ नेता पवन दूहन, डा. सुभाष लाठर, कुलवंत लाठर, राममेहर निडाना, राजा कंडेला, राजू लखीना, सुरेश शर्मा, संदीप सिंगला, राजपाल करसोला, वजीर पन्नू, दलबीर फौजी, ईशाक खान भट्टी, महेंद्र जुलानी, जय सिंह सैनी, सुभाष सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशा समाज के लिए अभिशापः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिले के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों को नशा उन्मूलन एवं साइबर अपराध विषय पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रदान किया। संबोधन में एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है। जो युवाओं की ऊर्जा, स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ युवाओं तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिनसे सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशा मुक्ति अभियान चलाकर समाज को जागरूक करें और एक स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। साइबर अपराध के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग, बैंकिंग धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। विद्यार्थियों को सावधान करते कहा कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। साइबर

## सरकार के खिलाफ गरजे रोडवेज कर्मचारी

- सरकार किलोमीटर स्कीम के नाम पर परिवहन बेड़े को निजी हाथों में सौंप रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। बैठक में भाग लेते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक जींद डिपो के यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक में डिपो के चालक, परिचालक, तकनीकी स्टाफ और कार्यालय कर्मचारियों ने भाग लेकर सरकार की निजीकरण समर्थक नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान अनिल गौतम ने की। जबकि मंच का संचालन डिपो सचिव जयवीर पोली द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व राज्य प्रधान आजाद गिल ने कहा कि हरियाणा सरकार किलोमीटर स्कीम के नाम पर प्रदेश के सबसे भरोसेमंद सार्वजनिक परिवहन बेड़े को निजी हाथों में सौंपने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि किलोमीटर स्कीम के तहत निजी बसों को दिया जाने वाला भुगतान, रोडवेज की अपनी बस चलाने के खर्च से कहीं अधिक है। यह न केवल जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी है बल्कि सुरक्षित सफर के साथ भी खिलवाड़ है। निजी बस मालिकों का एकमात्र लक्ष्य मुनाफा कमाना है, जबकि हरियाणा रोडवेज का लक्ष्य लोक सेवा है। राज्य कार्यकारी महासचिव संदीप रंगा ने कहा कि हरियाणा की आबादी के अनुपात में बसों की संख्या लगातार घट रही है। जहां प्रदेश को कम से कम 10 हजार रोडवेज बसों की आवश्यकता है, वहीं बेड़ा सिमट कर मात्र कुछ हजार तक रह गया है। नई बसों की खरीद नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के रूट काटे जा रहे हैं। जिससे छात्रों, बुजुर्गों और आम यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि विभाग में एक भी निजी बस शामिल नहीं की जाए। वहीं तुरंत पांच हजार नई रोडवेज बसों की खरीद प्रक्रिया शुरू हो। कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के बजाय हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से पक्की भर्ती की जाए। परिचालकों ओर चालकों का वेतनमान संशोधित किया जाए।



नरवाना। अध्यापकों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अध्यापकों को किया सम्मानित

**नरवाना।** आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय के शिक्षकों को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा उत्तीर्ण करने पर वंदना सभा में प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में रोहित, मोहित, मदन, सुशील, मोनिका, मुकेश, पूनम, इंदु, प्रीति, अलका, सविता, अश्विनी अरुण आदि को सम्मानित कर शुभकामनाएं और बधाई भी दी। प्राचार्य सुरेंद्र ने बताया कि विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान पूरे भारतवर्ष में बच्चों की परीक्षा के साथ-साथ शिक्षकों की भी परीक्षा लेती है ताकि हमारी संस्कृति शिक्षा और संस्कार से संबंधित ज्ञान में भी वृद्धि रहे। इस परीक्षा में कक्षा तीसरी से ऊपर के सभी छात्र शिक्षक विद्या भारती के संपर्कित विद्यालय प्रबंध समिति एवं अभिभावक इस परीक्षा के माध्यम से संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण भी प्राप्त करते हैं। विद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## आकाश इंस्टीट्यूट के सामने जताया रोष

**इंस्टीट्यूट बंद होने की सूचना पर अभिभावकों में हड़कंप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। रोष जताते परिजन। फोटो :हरिभूमि

एलआईसी के निकट आकाश इंस्टीट्यूट के बंद होने की सूचना पर अभिभावकों में हड़कंप मच गया। सोमवार को काफी संख्या में अभिभावक यहां पहुंचे और रोष व्यक्त किया। अभिभावकों का साफ कहना था कि वो अपने बच्चों का भविष्य खराब नहीं होने देंगे। आकाश इंस्टीट्यूट के सामने पहुंचे अभिभावक रणबीर सिंह नरवाल ने बताया कि वो आकाश इंस्टीट्यूट में आए तो अध्यापकों ने बताया कि आकाश इंस्टीट्यूट बंद होगा। अगर कोचिंग लेनी है तो शनिवार-रविवार को रोहतक आना होगा। अगर कोचिंग नहीं लेनी तो जो आपका एक साल का बकाया बनता है, उसे वापस ले लिया जाए। पर इंस्टीट्यूट यह एक साल का बकाया भी पूरा नहीं दे रहे हैं। कहा कि बच्चों के भविष्य का सवाल है। आकाश कैसे अपने इंस्टीट्यूट को बंद कर सकता है। उन्होंने दो-दो साल की एडवांस फीस दी है। जबकि अभी एक साल ही हुआ है। अब एक साल के लिए बच्चों को रोहतक जाने के लिए बोल रहे हैं। बच्चे दो घंटे रोहतक जाने में लगाएंगे और दो घंटे आने में लगाएंगे। ऐसे में बच्चे मानसिक रूप से परेशान होंगे। अभिभावक रणबीर सिंह ने कहा कि पहले यहां छह दिन क्लास लगती थी। जिसमें यहां दो दिन डाउट्स क्लीयर होते थे।



जींद। सम्मान हासिल करते राजकुमार भोला। फोटो :हरिभूमि

### समाज विकास संगठन को मिला सोशल मीडिया अवॉर्ड

**जींद।** हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय वार्षिक सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों को सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित समारोह में जींद जिले की प्रमुख सामाजिक संस्था महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन को बेस्ट सोशल मीडिया अवार्ड से नवाजा गया। यह सम्मान संस्था के डिजिटल लिटरेसी, साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने एचकेएल के सीईओ अभिजीत कुलकर्णी एवं प्रोग्राम अधिकारी आशीष से प्राप्त किया। संस्था द्वारा जींद जिले में युवाओं, छात्र व छात्राओं एवं आम नागरिकों को डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फॉड से बचाव तथा एआई के सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूक करने हेतु नियमित रूप से सेमिनार, वर्कशॉप, प्रशिक्षण शिविर एवं ऑनलाइन अभियान चलाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के प्रभावी उपयोग से इन विषयों को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा रहा है। जिससे हजारों लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है।

### राजकीय महाविद्यालय अलेवा में नशे के प्रति किया जागरूक

# वाहन चलाते समय नियमों का पालन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक करते नरेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में एंटी ड्रग्स सैल व यूथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता उप प्राचार्या सुनीता दुग्गल ने की। इसमें मुख्य तौर पर नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार ने हिस्सा लिया। मंच संचालन प्रो. चांद राम ने किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक जीवन पर गंभीर प्रभाव डालती है। नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर तौर से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई, खेल व अपने सपनों में ध्यान लगाते हुए नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। नशा शरीर ही नहीं बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य होने के साथ ही नशामुक्त व स्वस्थ रहना ही देश की सुरक्षा व प्रगति की गारंटी है। विद्यार्थियों को यातायात नियमों की भी जानकारी दी और कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। विद्यार्थियों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। बताया कि आजकल अपराधी फोन काल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। सभी को सतर्क रहना चाहिए और अनजान से निजी जानकारी सांझा नहीं करनी चाहिए।



जुलाना। कार्यक्रम में मौजूद किसान। फोटो :हरिभूमि

### सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए टीम के डा. हेड पार्थ सारथी दास ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को सुक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। विशेष रूप से किसानों को माइक्रो इरिगेशन उपकरणों हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा हैए ताकि वे समयबद्ध तरीके से अनुदान का लाभ उठा सकें। ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी आधुनिक सिंचाई तकनीकों के माध्यम से जल की बचत एवं अधिक उत्पादन होता है। इससे लागत में कमी और मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि और बेहतर आय के अवसर मिलते हैं। संतुलित सिंचाई द्वारा रोग एवं कीट नियंत्रण में सहायता। कार्यक्रम मेंजल प्रबंधन और कम पानी वाली एवं उच्च उत्पादकता वाली फसलों को अपनाने के लिए जागरूक किया। मौके पर मुकेश, कर्मवीर, डा. सुरजमल, डा. बीपी राणा, डा. धीरज मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### सरकार की नीतियों से जनविश्वास मजबूत

**सीवन।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष शैली मुंजाल और मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता देकर विकास को गति दी है। शैली मुंजाल ने बताया कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्वास्थ्य, आवास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। कहा कि सरकार की मंशा साफ है।

### डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार सोमवार को लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और फीडबैक लिया। डीसी अपराजिता ने अधिकारियों को कहा कि ईवीएम वेयरहाउस की साफ-सफाई व्यवस्था को निरंतर बनाए रखें, कहीं भी कोई भी लापरवाही न बरती जाए। इसके अलावा बिजली, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं आदि के बारे में पूर्ण जानकारी ली।

## डेरे में भूमि पूजन व जीर्णोद्धार के लिए शिवनाथ को महंत नियुक्त किया

# गांव मटौर में डेरा बाबा समरनाथ के कपाट 16 वर्षों के बाद फिर से खुले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत के गांव मटौर में डेरा बाबा समरनाथ के कपाट वर्षों के बाद खुल गए हैं। इसकी गद्दी पर शिवनाथ को चादर की परंपरा के साथ बैठाया गया। महंत शिव नाथ ने बताया कि समाधि बाबा समरनाथ (आसन) के द्वार पिछले 16-17 सालों से बंद थे। इसके जीर्णोद्धार के लिए ग्रामीणों ने साधु-संतों ने मिलकर समाधि स्थल पर मंदिर निर्माण करवाने का संकल्प लिया। भूमि पूजन करके चादर विधि से महंत नियुक्त किया है। इस दौरान पीर राज नाथ उझाना, महंत योगी पुर्णनाथ मानसा , सरपंच रमेश मौण, ओमप्रकाश, बजिन्द्र, सतपाल शर्मा, सत्यवान, सुभाष, कुलदीप मौण, महावीर, धीरा, दिनेश मौण, बलवान सीमल पट्टी, सुरेश, जोगा व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महंत शिवनाथ ने आरोप लगाया कि सुदकैन गांव के महंत रूपनाथ ने केवल इस आश्रम की 70 एकड़ जमीन के कारण इस गांव के डेरे को विकसित करने में रुचि नहीं ली। कहीं न कहीं रूप नाथ को बात का डर था यदि गांव मटौर में कोई साधु रहेगा तो वो हिसाब-किताब की स्थिति साफ करनी होगी। इसलिए किसी नाथ को डेरे में नहीं आने दिया। कहा कि रूपनाथ गांव व भेख भगवान ने महंत नहीं चुना है। शिव नाथ ने बताया कि यह स्थल उझाना पीर के अंदर डेरा आता है। इसके पीर राजनाथ है। उनके आदेश अनुसार ही मंगलवार को महंत शिव नाथ की चादर परंपरा के दौरान ग्रामीण ने उन्हें जिम्मेवारी दी है। कहा कि रूपनाथ ने बिना किसी जानकारी के डेरे के जमीन की वसीयतनामा अपने शिष्य सोनू नाथ के नाम दर्ज करवाया।


**कलायत।** गांव मटौर में महंत की चादर परंपरा के दौरान मौजूद ग्रामीण व साधु-संत। *फोटो : हरिभूमि*

### ग्रामीण, पीर और भेखभगवान का निर्णय मान्यः सरपंच

सरपंच रमेश मौण ने बताया कि गांव के डेरे में भूमि पूजन व जीर्णोद्धार के लिए शिवनाथ को महंत नियुक्त किया गया। जबकि पिछले दिनों गांव के डेरे समरनाथ खरड़ा बागा में आठमान के भंडारे में नाथ पंरपरा के अनुसार आठ पीर भेख अनुसार 12-18 के महंत व आसपास के गांवों एवं मटौर की उपस्थिति में पूर्ण नाथ के शिष्य सोनू नाथ को मंहत बनाया गया। वैसे ग्रामीण, पीर और भेखभगवान यानी की साधु समाज द्वारा की गई लिखत जो फैसला करेंगे हम उनके साथ हैं।

### सेवा के लिए दी चादरः पीर राजनाथ

पीर राजनाथ उझाना ने कहा कि शिव नाथ को चादर ग्रामीणों ने दी हैं। पूर्णनाथ तीन बार ग्रामीणों के बुलावे पर भी नहीं आए। तो ग्रामीणों ने ये कदम उठाया है। यदि फिर भी पूर्णनाथ डेरे में महंत बनकर रहना चाहते है तो रहे। ये चादर सिर्फ डेरे की सेवा के लिए हैं। पूर्णनाथ डेरे को त्याग रहें हैं। सोनू नाथ के नाम विसीयत नामा गलत है। नाथ में ये परंपरा नहीं है। उदाहरणार्थ के तौर पर मैंने उझाना गद्दी का नौवां पीर हूं। मटौर में जितने भी महंत रहे किसी ने किसी नाम विसीयत नहीं कराई। उन्होंने कहा कि समाधि एवं धुणा गांव के पुराने आसन में है। इसमें पूजा-अर्चना निरंतर होनी चाहिए। ऐसा न होने पर महंत शिव नाथ को डेरे की जिम्मेवारी दी गई है।

### शिवनाथ निष्कासित : रूप नाथ

सुदकैन के महंत रूप नाथ ने बताया कि वर्ष 2001 में शिव नाथ पांच गांवों की पंचायत में गांव से बाहर भेजे गए थे। उनका आरोप है कि शिव नाथ द्वारा मेरी हत्या के लिए सुपारी दी गई थी। इस साजिश का भारी विरोध हुआ और शिव नाथ को गद्दी से निष्कासित किया गया। उन्होंने कहा कि इसके उपरांत शिवनाथ को कलकत्ता के डेरे में बैठाया गया। डेरे के महंत पूर्णनाथ जीवित हैं और उनके पास ही डेरे की जिम्मेवारी है। परंपरा अनुसार पूर्णनाथ को दोबारा से चादर देने का कार्य भी पिछले कुछ माह पहले पूरा किया जा चुका है। इस तरह शिवनाथ का डेरे की गद्दी पर हक नहीं बनता।

# एनआईआईएलएम विवि ने जोन यूथ फेस्टिवल में रचा इतिहास


**कैथल।** नाटक का मंचन करते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

- एनआई आई एल एम विवि के विद्यार्थियों ने 27 में से 17 प्रतियोगिताओं में सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल ने 3 फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित 39वें नॉर्थ ज़ोन यूथ फेस्टिवल में एक उल्लेखनीय और स्मरणीय उपलब्धि दर्ज की। इस प्रतिष्ठित महोत्सव का आयोजन एसो ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा किया तथा इसकी मेजबानी महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना ने की। उत्साह, निरंतर परिश्रम और कलात्मक उत्कृष्टता का परिचय देते एन आई आई एल एम विवि के विद्यार्थियों ने 27 में से 17 प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। अनुशासित रिहर्सल, रचनात्मक अभ्यास और उत्कृष्टता के प्रति अडिग संकल्प के साथ विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित अंतर-विश्वविद्यालयी मंच पर प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इन अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय ने लोक नृत्य में चतुर्थ स्थान तथा स्किट (नाटक) में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर भावपूर्ण प्रस्तुति, सांस्कृतिक समृद्धि और मंचीय सामंजस्य के लिए विशेष सराहना अर्जित की। यह उल्लेखनीय सफलता डांस डायरेक्टर शिवम के अथक परिश्रम और समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है, जिनकी सटीक दिशा, अनुशासन और रचनात्मक दृष्टि ने प्रस्तुतियों को उत्कृष्टता प्रदान की।

> विश्वविद्यालय के प्रबंधन तथा कुलपति प्रो डॉ शमीम अहमद ने विद्यार्थियों, मार्गदर्शकों और संपूर्ण सांस्कृतिक टीम को हार्दिक बधाई देते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उनकी सराहना की। यह उपलब्धि एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय की उस सुदृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहाँ शैक्षणिक उन्नति के साथ-साथ सांस्कृतिक उत्कृष्टता भी समान रूप से विकसित होती है।

# भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद के खिलाफ आवाज उठाने का किया आह्वान

- शहीदों की कुर्बानी पर सवालः भाई भतीजावाद अब भी जारीः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

वरिष्ठ अधिवक्ता जीवन सिंह ने 23 मार्च को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को याद करते हुए देश की वर्तमान व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 23 मार्च 1931 को अंग्रेजों द्वारा इन तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी। उनकी शहादत हर भारतीय को अन्याय और तानाशाही के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देती है। जीवन सिंह ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए अनेक बहनों ने अपने भाइयों को खोया, माताओं की कोख उजड़ गई और कई परिवार तबाह हो गए। शहीदों की कुर्बानियों के बाद हमें अंग्रेजों से आजादी मिली, लेकिन आज भी देश में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही और भाई-भतीजावाद बदस्तूर जारी है। कहा कि शहीदों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि जिस देश की आजादी के लिए वे अपने प्राणों की आहुति दे रहे हैं, उसी देश में भ्रष्टाचार, नौकरशाही का दबाव और दम घोंटने वाला लोकतंत्र स्थापित हो जाएगा। आज भी लोग चाहते हैं कि भगत सिंह जैसा साहसी व्यक्ति पैदा हो, लेकिन वह पड़ोसी के घर में हो, स्वयं को आगे आकर संघर्ष नहीं करना पड़े। जीवन सिंह ने कहा कि समय के साथ स्वतंत्रता सेनानियों की परिभाषाएं भी बदलती जा रही हैं। सरकारें बदलने के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम और सेनानियों की व्याख्या भी अलग-अलग ढंग से की जा रही है। यह चिंता का विषय है कि शहीदों और उनके परिवारों को आज तक वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वे वास्तविक हकदार हैं।


**गुहलाचीका।** अधिवक्ता जीवन सिंह अपने सहयोगियों के साथ बातचीत करते हुए।

### लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं

उन्होंने आरोप लगाया कि देश के कई हिस्सों में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का गला घोंटने का प्रयास किया जा रहा है, जो अंग्रेजी हुकूमत की याद दिलाता है। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बताया जाता है, लेकिन बड़े स्तर पर होने वाली नियुक्तियों में कहीं न कहीं राजनीतिक प्रभाव देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की व्याख्या भी अपने-अपने तरीके से की जा रही है। जनसंवाद की बजाय 'राजसंवाद' को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं है। अंत में जीवन सिंह ने आह्वान किया कि यदि देश को शहीदों के सपनों की सच्ची आजादी तक पहुंचाना है, तो प्रत्येक नागरिक को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और लालफीताशाही के खिलाफ आगे आकर आवाज उठानी होगी। तभी वह भारत निर्मित हो सकेगा, जिसकी कल्पना हमारे शहीदों ने की थी।

# विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा का महत्व बताया

- पीएम श्री राजकीय कन्या वमावि में वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया । कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुरस्कार वितरण तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय परिसर को छात्राओं ने स्वयं आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा द्वारा किया । प्रधानाचार्य हरदयाल एवं आशा ने सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। दीप प्रज्वलन के साथ ही विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य अतिथि अनिल छाबड़ा ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।


**सीवन।** कन्या स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।


**पुंडरी।** जानकारी देते नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र के विशेषज्ञ।

### ध्यान जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में सहायक

**पुण्डरी।** अग्रवाल धर्मशाला पुंडरी में नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र की टीम द्वारा एक विशेष ध्यान सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह सत्र निखिल खुरानिया एवं मीनाक्षी खुरानिया के साथ नारायण ध्यान केंद्र की टीम के संयुक्त नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को ध्यान की सरल एवं प्रभावी तकनीकों से परिचित कराया गया। ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, एकाग्रता में वृद्धि तथा तनाव में कमी जैसे महत्वपूर्ण लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित ध्यान से मन शांत होता है, नकारात्मक विचारों में कमी आती है, भावनात्मक संतुलन बेहतर होता है तथा समग्र स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ध्यान व्यक्ति के आंतरिक विकास और जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में अत्यंत सहायक सिद्ध होता है।

### खेल कोटे की नौकरियों में भारी लापरवाही : आदित्य

**कैथल।** हरियाणा सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए आंकड़ों ने राज्य के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के प्रति गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है। वर्ष 2019 से 2025 तक कैश अवॉर्ड, छात्रवृत्ति और खेल कोटे की नौकरियों के आवेदनों में बड़ी संख्या में अस्वीकृति और लंबित मामलों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने विधानसभा सत्र में इन मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाते भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। सुरजेवाला ने सरकार द्वारा दिए गए आंकड़ों का हवाल देते कहा कि कैश अवॉर्ड योजना के तहत 2019 से अब तक कुल 11,489 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र 6,987 स्वीकार किए गए। बाकी आवेदनों में बड़ी संख्या अस्वीकृत हुई, जबकि 1,361 आवेदन अभी भी लंबित हैं। छात्रवृत्ति योजना में स्थिति और भी खराब है – कुल 26,408 आवेदन आए, जिनमें केवल 16,415 स्वीकृत हुए और 2,209 लंबित पड़े हैं।


**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला विधानसभा में खिलाडियों का मुद्दा उठाते हुए।



**कैथल।** डीसी अपराजिता समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

### डीसी ने समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

**कैथल।** लघु सचिवालय के सभागार में जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी अपराजिता ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन सभी समस्याओं को समयबद्ध निपटान करें। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का एक ही छत के नीचे त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। डीसी ने लोक निर्माण विभाग, राजस्व, नगर परिषद, बैंकिंग, विकास एवं पंचायत विभाग, परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर सुनवाई करते हुए समाधान के उपरांत रिपोर्ट जरूर पोर्टल पर अपलोड करवाएं।

### नई तकनीकों को अपनाने का आह्वान

**पुण्डरी।** पूंडरी में पुंडरीक तीर्थ के समीप स्थित बूथ नंबर 110 पर रविवार को विधायक सतपाल जांबा ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 131वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परीक्षा के समय आत्मविश्वास बनाए रखने तथा परिणाम की चिंता छोड़कर पूरे मनोयोग से प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने डिजिटल धोखाधड़ी और तथाकथित "डिजिटल अरेस्ट" जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए युवाओं से नई तकनीकों को सीखने और अपनाने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने ओडिशा के एक युवा किसान की प्रेरक कहानी साझा कर आत्मनिर्भरता और नवाचार की मिसाल पेश की। कार्यक्रम के उपरांत विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक दिशा और नई ऊर्जा प्रदान करता है।


**पूंडरी।** मन की बात कार्यक्रम सुनते विधायक सतपाल जांबा व कार्यकर्ता।

## किछाना की बेटी अंजू की सगाई नगूरा के युवक शंकर के साथ संपन्न

# शंकर ने सिर्फ एक रुपया शगुन के रूप में किया स्वीकार

*कार सहित पूरी राशि सम्मानपूर्वक वापस लौटाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

किछाना गांव की बेटी अंजू शर्मा की सगाई नगूरा गांव के संस्कारी युवक शंकर शर्मा के साथ अत्यंत सादगी, सम्मान और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुई। बता दें कि शंकर शर्मा पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत हैं। यह सगाई केवल एक पारिवारिक रस्म नहीं रही, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायक उदाहरण बन गई। सगाई के अवसर पर लड़की पक्ष की ओर से कार भेंट की गई, जिसकी कुल राशि लगभग छह लाख पच्चीस हजार रुपये बताई गई लेकिन शंकर शर्मा ने केवल एक रुपया शगुन के रूप में स्वीकार किया और कार सहित पूरी राशि सम्मानपूर्वक लौटा दी। यह दृश्य देखकर समारोह में मौजूद लोग चकित रह गए, इस दौरान तालियों की गूंज के बीच संस्कारों और सादगी की जीत स्पष्ट दिखाई दी।


**राजौंद।** सगाई कार्यक्रम के दौरान लड़के के परिवार वाले व लड़की के परिजन।

### पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा

अंजू शर्मा के पिता थांडी राम भावुक होकर बोले कि उन्होंने अपनी बेटी को हमेशा आत्मसम्मान, सादगी और संस्कारों का पाठ पढ़ाया है। आज उन्हें गर्व है कि उनकी बेटी ऐसे परिवार में जा रही है, जहां रिश्तों की नींव प्रेम, सम्मान और बराबरी पर टिकी है। गांव के सम्मानित शिक्षक मास्टर रणधीर सिंह किच्छाना ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा और दहेज प्रथा के खिलाफ एक सशक्त संदेश है। सगाई समारोह में अंजू शर्मा के भाई चमन शर्मा और चिराग भी भावुक दिखाई दिए। उनके चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था कि उनकी बहन का रिश्ता ऐसे परिवार में हुआ है, जहां संस्कारों को ही सबसे बड़ा धन माना जाता है। शंकर शर्मा के पिता सुभाष शर्मा के इस आदर्श निर्णय की ज्योति राम और मंगत राम शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने खुलकर प्रशंसा की। यह सगाई अब केवल एक पारिवारिक संबंध नहीं, बल्कि बेटी के सम्मान, संस्कारों की शक्ति और समाज सुधार की एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक कहानी बन चुकी है।

# प्रतिदिन की इनकम में से कुछ सेविंग अवश्य करनी चाहिए : विश्वदीप शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के तहत राजकीय आईटीआई कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट के छात्रों का एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शमशेर सिंह कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस द्वारा किया गया और कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश मच्छाल प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी राजकीय आईटीआई कैथल ने की। उन्होंने छात्रों से जागरूक व सतर्क रहने के बारे में प्रेरित्त किया जबकि अधिवक्ता विश्वदीप शर्मा स्मार्ट ट्रेनर सेबी व विशाल शर्मा कोऑर्डिनेटर ने एक्टिव इनकम व पैसिव इनकम के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा सेबी के माध्यम से डिजिटल फ्रॉड रोकने के संबंध में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आजकल किसी भी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन फ्रॉड हो सकता है इसलिए सतर्क रहें व किसी भी प्रकार का फ्रॉड होने पर 1930 नंबर पर कॉल करें। इसके साथ-साथ हमें प्रतिदिन की इनकम में से कुछ सेविंग करनी चाहिए।


**कैथल।** विद्याथ्रियों को सम्मानित करते जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल व अन्य।

## खबर संक्षेप



### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल गांव पाई में: गोलन

**पुण्डरी।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा पुंडरी विधानसभा क्षेत्र में 25 फरवरी (बुधवार) को गांव पाई के ग्राम सचिवालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित रहेगा। सांसद के हल्का इंचार्ज अरविंद गोलन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में ग्रामीणों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दंत जांच, स्त्री रोग परामर्श तथा स्तन कैंसर स्क्रीनिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सामान्य स्वास्थ्य जांच की जाएगी और किशोरी एक्सप्रेस के जरिए किशोरियों की एनीमिया जांच एवं परामर्श की व्यवस्था भी रहेगी।



### आदर्श विद्यालय जाखौली में हवन का आयोजन

**राजौंद।** गांव जाखौली स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाओं से पूर्व विद्यालय परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की सफलता, एकाग्रता और उज्ज्वल भविष्य की कामना करना था।प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में हवन श्रद्धा व विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि हवन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे पाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की सभी अध्यापिकाओं व स्टाफ ने सहयोग किया तथा विद्यार्थियों को मेहनत व लगन से परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया।

### सीवरेज अवरूद्ध का कारण बने मेनहाल को ऊपर उठवाया

**नरवाना।** गली बनाते समय या पुराने समय से नीचे दबे हुए सीवरेज मेनहाल का जनस्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेना शुरू कर दिया है। विभाग के एसडीओ कुलदीप कोहाड़ व जेई तरसेम ने शहर में जहां-जहां सीवरेज मेनहाल के टूटे होनेए नीचे दबे की शिकायत मिली। उनको ठीक करना शुरू कर दिया है। जेई तरसेम ने बताया कि सीवरेज मेनहोल टूटने व नीचे दबे होने के कारण आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में विभाग द्वारा उनको ऊंचा उठाने का कार्य किया गया।

### समिति ने करवाई 17 गरीब कन्याओं की शादी

**जींद।** मां की लाडली सेवा समिति ने 17 गरीब कन्याओं का विवाह करवाया। इसमें मुख्यातिथि जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि व्यक्ति स्वार्थ के वशीभूत काम करता है लेकिन इस परमार्थ के लिए दिल और दिमाग की आवश्यकता होती है। सभी मनुष्यों ने अपने परमार्थ के लिए दूसरों की सहायता करनी चाहिए।

## रेनोवेशन कार्य धीमा, अढ़ाई माह से जारी है काम फिर भी पूरा नहीं

# नई बिल्डिंग में एक्सरे की सुविधा शुरू न होने से बढ़ रही परेशानी

*रेनोवेशन कार्य के चलते एक्सरे मशीन को किया गया है टीबी वार्ड के पास शिफ्ट, डर रहे लोग*



**सोमवार को हुई ओपीडी की संख्या**

| | |
|---|---|
| कुल ओपीडी | 1898 |
| जनरल मेडिसन | 423 |
| हड्डी रोग | 189 |
| मनोवैज्ञानिक | 135 |
| नेत्र रोग | 92 |
| बाल रोग | 142 |
| गाइनी | 238 |
| सर्जरी | 155 |
| होम्योपैथी | 33 |
| आर्युवेद | 52 |
| दंतक | 162 |
| ईएनटी | 8 |
| डाइटिशियन | 15 |

जींद। नागरिक अस्पताल के एक्सरे रूम में चला हुआ रेनोवेशन कार्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में एक्सरे रूम को लेकर लोगों की परेशानी दूर होने का नाम ही नही ले रही है। पिछले अढ़ाई माह से अधिक हो गया है लेकिन रूम का रेनोवेट कार्य तय समय सीमा के बाद भी पूरा नही हो पाया है। इस समय अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से रेनोवेशन कार्य हो रहा है। जो इतनी धीमी गति से चला हुआ है, जिस से आमजन को परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी एक्सरे करवाने आने वाले लोगों को हो रही है। क्योंकि नई बिल्डिंग स्थित सीटी स्कैन सेंटर के सामने एक्स रे मशीन को टीबी वार्ड के पीछे शिफ्ट किया गया है। ऐसे में अब नई बिल्डिंग में पिछले अढ़ाई माह से एक्सरे की सुविधा न मिल पाने के कारण मरीजों को या तो टीबी वार्ड रेफर किया जा रहा है या टीबी वार्ड के पास ही बनाए गए कमरे में स्थापित एक्सरे रूम में भेजा जा रहा है। जिससे मरीजों व तिमारदारों को परेशानी नही होगी।

**पिछले अढ़ाई माह से अधिक समय से समय बीत चल रहा रेनोवेशन**

### अस्पताल में प्रतिदिन होते हैं 150 से अधिक एक्सरे

नागरिक अस्पताल 200 बैड का है और यहां प्रतिदिन 150 से अधिक एक्सरे होते हैं। अगर इमरजेंसी हो जाती है तो यह संख्या काफी बढ़ जाती है। पिछले अढ़ाई माह से एक्सरे रूम का रेनोवेशन कार्य चला हुआ है। यह कार्य धीमी गति से होने के चलते मरीजों को टीबी अस्पताल में एक्सरे के लिए भेजा जा रहा है लेकिन ज्यादातर लोग बाहर ही एक्सरे करवा रहे हैं। वहीं तिमारदारों को अपने मरीजों को नई बिल्डिंग से पुरानी बिल्डिंग में ले जाने में भी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्हें स्ट्रेचर पर लेकर जाना पड़ रहा है।

### एक्सरे रूम में कक्ष का निर्माण मानकों के आधार पर

सीटी स्कैन सेंटर के सामने एक्सरे रूम में कक्ष का निर्माण मानकों के आधार पर करवाया जा रहा है। एक्सरे कक्ष में लीड लाइन दीवारें और लीड डोर बनाया जाना है। जबतक कार्य पूरा नही होता तब तक नई बिल्डिंग में एक्सरे की सेवा शुरू नही हो सकती है। ऐसे में लगातार हो रही काम में देरी से लोग एक्सरे के लिए परेशान हैं। हालांकि इस समय चिकित्सक मरीजों को टीबी अस्पताल में एक्सरे कराने के लिए भेज रहे हैं लेकिन कई मरीज संक्रमण के डर से वहां जाने से हिचकिचा रहे हैं। मजबूरी में कुछ मरीजों को निजी लैब में महंगे दामों पर एक्सरे करवाना पड़ रहा है।

### सोमवार को हुई कुल 1898 की ओपीडी

नागरिक अस्पताल में सोमवार को 1898 मरीज पहुंचे। सुबह साढ़े आठ बजे ही मरीज आने शुरू हो गए थे। मरीज रजिस्ट्रेशन खिड़की नौ बजे तक खुलती है। चिकित्सक भी साढ़े नौ बजे के आसपास ओपीडी शुरू करते हैं। ऐसे में साढ़े नौ बजे तक काफी मरीज अस्पताल पहुंच चुके थे। यहां रजिस्ट्रेशन खिड़की से लेकर दवाई वितरण खिड़की व ओपीडी के बाहर दो बजे तक मरीजों की लाइनें लगी रही। अस्पताल में मरीज अधिक होने के कारण अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### तय मानकों के आधार पर करवाया जा रहा रेनोवेशन: पीएमओ

नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि एक्सरे कक्ष के जल्द रेनोवेशन कार्य को लेकर संबंधित विभाग अधिकारियों से बोला गया है। एक्सरे रूम का निर्माण स्वास्थ्य विभाग के तय मानकों के आधार पर करवाया जा रहा है। एक्सरे कक्ष में लीड लाइन दीवारें और लीड डोर बनवाए हैं। उम्मीद है कि इस सप्ताह यह कार्य पूरा हो जाएगा और मशीन को यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।



ढांड। बिजली कर्मचारी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताते हुए।

## डीसी रेट एम्पलाइज की टैंपरेरी आईडी के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर सोमवार को की डीसी रेट एम्पलाइज की टैंपरेरी आईडी के विरोध में सब-यूनिट स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। सब-यूनिट ढांड में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सतबीर सिंह यूडीसी द्वारा की गई एवं मंच का संचालन रमेश फौजी म्योली ने किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता दिखाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सतबीर सिंह यूडीसी ने हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए एचआरकेएन (हरियाणा कौशल रोजगार निगम) पोर्टल के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज करवाया। इस अवसर पर सतबीर सिंह यूडीसी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन का मानना है कि यह व्यवस्था कर्मचारियों के हितों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पोर्टल के माध्यम से लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ सकती है तथा उनके अधिकारों का हनन हो सकता है।

### कर्मचारियों के हितों से कर रही खिलवाड़

यूनियन ने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में किसी भी सूरत में डीसी रेट एम्पलाइज को एचआरकेएन पोर्टल के अधीन नहीं आने दिया जाएगा। इस विषय में सरकार एवं प्रबंधन की किसी भी प्रकार की जबरदस्ती सहन नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि यदि सरकार और विभाग ने समय रहते उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तथा कर्मचारियों के हितों से खिलवाड़ जारी रहा, तो यह आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी हरियाणा सरकार एवं निगम प्रबंधन की होगी। इस अवसर पर प्रवीन कुमार सब-यूनिट सचिव, ढांड, अरुण कैशियर, मखन सिंह उप-प्रधान, सतीश कुमार संगठनकर्ता, विनोद शर्मा जेई, धर्मपाल जेई, रामप्रसाद जेई, सत्यवान जेई, रणबीर संगठनकर्ता, यूनिट पूंडरी, राहुल डीईओ सह-सचिव, यूनिट पूंडरी, परवीन, कुलदीप, संदीप, दिनेश धीमान , जसबीर कौल, अनिल कुमार, राकेश कुमार ढांड, अंकुश मैहला जडौला, अशोक कुंडू, दिलबाग सिंह,ख्सुमन, ज्योति एवं अन्य कर्मचारियों ने बढ़- चढकर भाग लिया।

## मांगों को लेकर गरजे बिजली कर्मी

- समान काम व समान वेतन की पॉलिसी लागू करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

एचएसइबी वर्कर यूनियन हेड आफिस भिवानी द्वारा सब डिविजन नगूरां के प्रांगण में केंद्रीय परिषद् द्वारा घोषित कार्यक्रम के निर्देशानुसार पांचवे दिन सोमवार को एक गेट मीटिंग आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुरेंद्र ने की। इसमें मुख्य तौर पर पूर्व राज्य उपप्रधान राजा शामदो व जींद यूनिट के उपप्रधान सुनील मुंडे ने संयुक्त तौर पर हिस्सा लिया। मंच संचालन सब यूनिट सचिव संदीप ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए राजा शामदों ने कहा की डीसी रेट के कर्मचारियों के लिए समान काम व समान वेतन की पालिसी लागू करते हुए डीसी रेट के कर्मचारियों को पक्का किया जाए।



जींद। नगूरां सब डिवीजन कार्यालय परिसर में सरकार के प्रति नारेबाजी कर रोष जताते निगम कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### डीसी रेट के साथियों को मिले न्याय

प्रदेश सरकार डीसी रेट के साथियों को जबरदस्ती एचकेआरएन पोर्टल पर अपलोड करने का वर्कर यूनियन हेड आफिस भिवानी विरोध करती है। सुनील मुंडे ने कहा कि जब तक डीसी रेट के साथियों को न्याय नहीं मिलता जब तक केंद्रीय परिषद द्वारा सरकार का विरोध प्रदर्शन पुरजोर जारी रहेगा।

## टीबी के प्रति लोगों को किया जागरूक

- नगूरां पीएचसी में टीबी के प्रति लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

नगूरां पीएचसी में टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने लोगों को टीबी का अगर करना हो समय रहते इलाज, तीन सप्ताह से अधिक खांसी को न करें नजर अंदाज नामक स्लोगनों से जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जोकि माइकोबैक्टिरीयम टयूबरक्लोसिस नामक बैक्टिरीया के कारण होती है, जो हवा के द्वारा एक संक्रमक व्यक्ति से स्वस्थ आदमी में फैलता है। टीबी प्लमोनरी और एक्सट्रा प्लमोनरी दो प्रकार की होती है। प्लमोनरी टीबी मनुष्य के फैफड़े तथा एक्सट्रा प्लमोनरी शरीर के दूसरे अंग आंखे लिम्फनोड्स, किडनी, पेट की टीबी, दिमाग व रीड की हडडी के अलावा हडिडयों के जोड़ों को प्रभावित करती है।



जींद। नगूरां पीएचसी में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

टीबी के लक्षणों के बारे में बताते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, बलगम में खून आना, रात में पसीना आना, तेज बुखार, छाती में दर्द,भूख कम लगना, वजन कम होना आदि टीबी के लक्षण है। इसलिए समय रहते अपने बलगम की जांच व छाती का एक्सरे नजदीकी अस्पताल में करवाएं। इस अवसर पर महिला सुपरवाइजर पुष्पावती, नरेंद्र कुमार, विनित के अलावा मीना, बाला, मुकेश, प्रोमिला, राजेश, बिमला, पूनम, सुनिता आदि आशा वर्कर तथा ग्रामीणों ने भाग लिया।

## रवि कालारामणा बने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭पुण्डरी

अखिल भारतीय कालारामणा खाप पंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण बदलाव के तहत रवि कालारामणा को निर्विरोध रूप से राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान चुना गया। खाप पंचायत से जुड़े पूरे भारत में 500 से अधिक गांव हैं, जिससे यह दायित्व और भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चयन के बाद रवि कालारामणा ने खाप पंचायत के सभी बड़े-बुजुर्गों एवं युवा साथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जिस विश्वास और उम्मीद के साथ यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा पूरे कालारामणा समाज को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे नशाखोरी, अत्यधिक मोबाइल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से दूर रहें तथा खेल, सामाजिक गतिविधियों और देश-समाज को आगे बढ़ाने वाले कार्यों में सक्रिय भागीदारी करें।



पुण्डरी। रवि कालारामणा को सम्मानित करते खाप पंचायत सदस्य।

### प्राकृतिक कृषि को अपनाएं

इस अवसर पर रवि कालारामणा ने किसान भाइयों से भी आग्रह किया कि वे माननीय राज्यपाल गुजरात एवं महाराष्ट्र आचार्य देवव्रत द्वारा सुझाई गई प्राकृतिक कृषि को अपनाएं, जिससे किसानों की आय बढ़े और पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों करमबीर कालारामणा, अखिल भारतीय कालारामणा के राष्ट्रीय उपप्रधान, खाप पंचायत के महासचिव कैप्टन सूबे सिंह तथा पूर्व महासचिव रामसरूप कालारामणा सहित सभी पदाधिकारियों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गेट मीटिंग में कर्मियों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के आह्वान सोमवार को 9 बजे से 11 बजे तक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुरेश कोटड़ा ने की, जबकि संचालन उपप्रधान अश्वनी ढांडा ने किया।गेट मीटिंग के दौरान कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रोष प्रकट किया। वक्ताओं ने कहा कि निगम प्रबंधन कर्मचारियों का शोषण करना चाहता है तथा वेतन संबंधी टेबल-आईडी में खामियां हैं, जिन्हें जल्द ठीक किया जाना चाहिए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर डीसी रेट के कर्मचारियों को एचकेआरएन में पोर्ट करने तथा वेतन में कटौती जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी एकजुट हैं और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। इस दौरान यूनियन के कई पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान सुरेश कोटड़ा,अश्वनी ढांडा सहित अन्य सदस्य शामिल थे।



राजौंद। अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## नशा न करने बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल पुलिस द्वारा जिले भर में नशा जागरूकता अभियान को निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। नशा जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर साहिल, एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रेखा व सोनिया, तथा एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार और जसविंदर की टीम द्वारा गांव चंदाना, रेहड़िया, तितरम, प्योंदा व हरसोला में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों, युवाओं, विद्यार्थियों और महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



कैथल। ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### नश भविष्य को भी करता है प्रभावित

टीम सदस्यों ने उपस्थित लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा और रोजगार जैसे सकारात्मक कार्यों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## रामकली गांव में आयोजित सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता मेंबहू अकबरपूर की टीम ने मारी बाजी

*मोरखी की टीम बनी उपविजेता*

# सर्कल कबड्डी में हरियाणा व पंजाब के मुकाबले में हरियाणा रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

जुलाना क्षेत्र के रामकली गांव में आयोजित सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों सहित दूरदराज की टीमों ने भाग लेकर खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में बहू अकबरपूर की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। जबकि मोरखी की टीम उपविजेता रही। गांव के सरपंच रामतीर्थ मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया था। जिसमें खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्रामीणों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया।फफाइनल मुकाबला बहू अकबरपूर और मोरखी की टीम के बीच खेला गया।



जुलाना। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### बहू अकबरपूर की टीम ने 21 अंक अर्जित किए

मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमखम और रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक चले मुकाबले में बहू अकबरपूर की टीम ने 21 अंक अर्जित किए। जबकि मोरखी की टीम 15 अंकों तक ही पहुंच सकी। इस तरह बहू अकबरपूर ने छह अंकों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता के दौरान एक विशेष मुकाबला पंजाब और हरियाणा की टीमों के बीच भी खेला गया। जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंत तक चले संघर्षपूर्ण मैच में हरियाणा की टीम ने दो अंकों के अंतर से जीत हासिल कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। खिलाड़ियों के शानदार दांव, पेच और रेड ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रदेश के केबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने शिरकत की।